an>

Title: Regarding operation of post offices in rented building at Hingoli and Mahur In Maharashtra.

श्री राजीव सातव (हिंगोली) : महोदय, जीरो ऑवर में मुझे बोलने का अवसर देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। पोस्टल डिपार्टमेंट का इस देश के डेवलपमेंट में बड़ा योगदान रहा है। मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, वह महाराष्ट्र का एक जिला हिंगोली है। डेढ़ सौ साल पहले जब पोस्टल डिपार्टमेंट की शुरूआत हुयी थी, उस समय हमारे यहां पोस्ट की बिल्डिंग का निर्माण हुआ था। वहां पोस्टल डिपार्टमेंट की बिल्डिंग डेढ़ सौ साल पुरानी थी, अब दस-बारह साल हो गए, वहां पर बिल्डिंग नहीं है, पोस्ट आफिस स्टॉफ की बिल्डिंग में चल रहा है और बेचारे स्टॉफ को अपने घर के लिए कहीं बाहर घूमना पड़ रहा है। करीब 90 हजार वर्ग फीट की जगह पोस्टल डिपार्टमेंट की वहां पर एवलेबल है।

मंत्री जी ने एक पृश्न के उत्तर में कहा था कि हम सब जगह पर पोस्टल की बिल्डिंग नहीं बना सकते, लेकिन कम से कम जिले में तो यह बिल्डिंग होनी चाहिए। मेरा आपसे आगृह रहेगा कि हिंगोली में पोस्टल डिपार्टमेंट की बिल्डिंग बने।

दूसरा, इसमें एक इश्यू यह था कि महाराष्ट्र के जो साढ़े तीन शक्तिपीठ हैं, उसमें से मेरी कांस्टीच्युएंसी में माहुर जो माता का एक स्थान है, हर साल करीब एक करोड़ से ज्यादा लोग वहां पर आते हैं, लेकिन वहां पर भी पोस्टल डिपार्टमेंट की कोई बिल्डिंग नहीं है। चालीस साल से पोस्टल का ऑफिस रेन्टेड बिल्डिंग में चल रह है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से यह आगृह रहेगा, हिंगोली जिला है, वहां पोस्टल डिपार्टमेंट की बिल्डिंग होनी चाहिए और माहुर जो साढ़े तीन शक्तिपीठ से माता का शक्तिपीठ है, वहां पर भी पोस्टल डिपार्टमेंट की बिल्डिंग बननी चाहिए। मुझे समय देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।